**सं.ए-110016/3/2020-एनएमएल/प्रशासन**
**राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान पुस्तकालय**
**स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय**
**अंसारी नगर, रिंग रोड, नई दिल्ली-110029**

दिनांक: 10अगस्त, 2021

## <u>रिक्त परिपत्र</u>

राष्ट्रीय चिकित्सा पुस्तकालय, स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में वेतन मैट्रिक्स में स्तर - 6 (35400-112400) (पूर्व संशोधित वेतन बैंड - 2( 9300-34800 रुपये) के साथ 4200/-रुपए के ग्रेड वेतन) में, पुस्तकालय एवं सूचना सहायक के 02 पदों कोनिम्नलिखित में से प्रतिनियुक्ति(अल्पकालिक संविदा सहित) के आधार पर भरने के लिए निर्धारित प्रपत्र(अनुलग्नक -I) में आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं:-

केंद्रीय सरकार या राज्य सरकार या संघ राज्य क्षेत्रों या स्वायत्त या कानूनी संगठन या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों या विश्वविद्यालयों या मान्यताप्राप्त अनुसंधान संस्थानों के अधीन ऐसे अधिकारी:

क. (i)जो नियमित आधार पर सदृश पद धारण किये हुए हों; या
(ii) वेतन बैंड-1, 5200-20200/- रुपये के साथ 2800/-रुपये के ग्रेड वेतन या समकक्षमें पद पर 6 वर्ष की नियमित सेवा की हो;और

ख. जो निम्नलिखित शैक्षिक अर्हताएँ एवं अनुभव रखते हों:

**आवश्यक:**
(i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से पुस्तकालय विज्ञान या पुस्तकालय और सूचना विज्ञान में स्नातक की डिग्री;
(ii) केंद्रीय या राज्य सरकार या स्वायत्त या कानूनी संगठन या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम या विश्वविद्यालय या मान्यताप्राप्त अनुसंधान संस्थान या शैक्षिक संस्थान के अधीन किसी पुस्तकालय में दो वर्ष का व्यावसायिक अनुभव।

**वांछनीय:**
(i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से कम्प्यूटर ऐप्लीकेशन में डिप्लोमा।

बाहरी अभ्यर्थियों के साथ,वेतन बैंड-1, 5200-20200/- रुपये के साथ 1900/- रुपये केग्रेड वेतन में ऐसे विभागीय पुस्तकालय लिपिक(लिपिकों) पर भी विचार किया जाएगा,जिन्होंने उस श्रेणी में दस वर्ष की नियमित सेवा की हो औरजो किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से पुस्तकालय विज्ञान या पुस्तकालय और सूचना विज्ञान में स्नातक की डिग्री रखते हैं। यदि ऐसे किसी व्यक्ति का चयन होता है तो पद को प्रोन्नति द्वारा भरा गया माना जाएगा, अन्यथा इसे प्रतिनियुक्ति(अल्पकालिक संविदा सहित) द्वारा भरा माना जाएगा।

**टिप्पण 1**:पोषक प्रवर्ग के ऐसे विभागीय अधिकारी, जो प्रोन्नति की सीधी पंक्ति में है, प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे । इसी प्रकार प्रतिनियुक्त व्यक्ति प्रोन्नति द्वारा नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे ।

**टिप्पण 2:**प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक संविदा सहित) की अवधि, जिसके अंतर्गत केन्द्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक संविदा सहित) की अवधि है, साधारणतया तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी । **प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति की अधिकतम आयु सीमा आवेदनों को प्राप्त करने की अंतिम तिथि को छप्पन (56) वर्ष** से अधिक नहीं होनी चाहिए।

**टिप्पण 3:**प्रतिनियुक्ति(अल्पकालिक संविदा सहित) के आधार पर नियुक्ति के प्रयोजन के लिए, किसी अधिकारी द्वारा 01 जनवरी, 2006 से पहले या उस तारीख से जिससे छठे केन्द्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों पर आधारित पुनरीक्षित वेतन संरचना का विस्तार किया गया है, नियमित आधार पर की गई सेवा को, सिवाय उस दशा के जहां एक से अधिक पूर्व पुनरीक्षित वेतनमान का साधारण ग्रेड वेतन या वेतनमान सहित एक श्रेणी में विलय हो गया है, और वहां यह लाभ केवल उन पदों पर विस्तारित होगा जिनके लिये ग्रेड वेतन या वेतनमान बिना किसी उन्नयन का साधारण प्रतिस्थापन ग्रेड है, उक्त वेतन आयोग की सिफारिशों पर आधारित विस्तारित तत्स्थानी ग्रेड वेतन या वेतनमान में की गई सेवा समझी जाएगी ।

2. प्रतिनियुक्ति पर नियुक्त व्यक्तियों को समय-समय पर यथा-संशोधित डीओपीटी केकार्यालय ज्ञापन 6/8/2009-स्था.(वेतन II) दिनांक 17 जून 2010 के अनुसार वेतन/प्रतिनियुक्ति वेतन भत्ता प्राप्त करने के पात्र होंगे ।

3. पात्र और इच्छुक अधिकारी, इस रिक्त पत्र के रोजगार समाचार में प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों के भीतर,**निदेशक, राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान पुस्तकालय, अंसारी नगर, रिंग रोड, नई दिल्ली-110029**को,अनुलग्नक-1 में दिये गये निर्धारित प्रोफार्मा में, उचित माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। आवेदनों को अग्रेषित करने से पहले कृपया यह सुनिश्चित कर लें कि अभ्यर्थी के विवरण सत्यापित कर लिये गये हैं और वह पात्रता की शर्तों को पूरा करते हैं। यह भी प्रमाणित किया जाना चाहिये कि अभ्यर्थी के विरुद्ध कोई सतर्कता/अनुशासनात्मककार्रवाई लंबित या विचारधीन नहीं है और उसके आवेदन-पत्र के साथ पिछले पाँच वर्ष की एपीएआर की प्रतियों को भी अग्रेषित किया जाए। आवेदन-पत्र के साथ इस आश्य का एक प्रमाण-पत्रभी संलग्न किया जाए कि पिछले दस वर्षों के दौरान आवेदक पर कोई बड़ी/छोटी शास्ति अधिरोपित नहीं की गई है । इन दस्तावेजों के बिना प्राप्त आवेदन-पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा।

**(एस.के.तंवर)**
**उप निदेशक(प्रशासन)**
**दूरभाष:23062192**
**ईमेल-suresh@cdsco.nic.in**

**अनुलग्नक-I**

## जीवन-वृत्त/बॉयो-डेटा/प्रपत्र

**1.** नाम एवं पता(स्पष्ट अक्षरों में):-

**2.** जन्म तिथि(ईसवी सन् में):-

**3.** सेवानिवृति की तिथि:-

**4.** शैक्षिक अर्हताएं:-

**5.** क्या इस पद के लिए अपेक्षित शैक्षिक एवं अन्य अर्हताएं रखते हैं। (यदि किसी अर्हता को नियमों में निर्धारित अर्हता के समकक्ष माना गयाहो तो उसके लिए प्राधिकार का उल्लेख करें):

| विज्ञापन/रिक्ति परिपत्र में अपेक्षित अर्हताएं/अनुभव | अधिकारी द्वारा धारित अर्हताएं/अनुभव |
|---|---|
| **अनिवार्य(i)**<br>**(ii)** | |
| **वांछित(i)** | |

**6.** आपके द्वारा की गई उपर्युक्त प्रविष्टियों के अनुसार, कृपया स्पष्ट रूप से बताएं कि क्या आप पद के लिए अपेक्षित अनिवार्य अर्हताओं एवं कार्य अनुभव को पूरा करते हैं?

**7.** कालक्रमानुसार रोजगार का विवरण(यदि नीचे दिया गया स्थान अपर्याप्त है, तो अपने हस्ताक्षरों से विधिवत प्रमाणित एक अलग शीट संलग्न करें)

| कार्यालय/संस्थान | नियमित आधार पर धारित पद | से | तक | नियमित आधार पर धारित पद का वेतनमान/वेतन स्तर(रुपये में) | कार्य की प्रकृति(विस्तार से) |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

**8.** वर्तमान रोजगार की प्रकृति, अर्थात तदर्थ या अस्थायी या अर्ध-स्थायी या स्थायी:

**9.** यदि वर्तमान रोजगार प्रतिनियुक्ति/संविदा आधार पर धारण किए हुए हैं तो कृपया बताएं:

(क) आरंभिक नियुक्ति की तिथि

(ख) प्रतिनियुक्ति/संविदा पर नियुक्ति की अवधि

(ग) वर्तमान कार्यालय/संगठन का नाम जिससे आप संबद्ध हैं

| | |
|---|---|
| **10.** | वर्तमान रोजगार के संबंध में अतिरिक्त जानकारी,कृपया बताएं कि आप किसके तहत कार्यरत हैं:<br>(उचित कॉलम के सामने अपने नियोक्ता का नाम इंगित करें):<br>(क) केंद्रीय सरकार<br>(ख) राज्य सरकार<br>(ग) स्वायत्त संगठन<br>(घ) सरकारी उपक्रम<br>(ङ) विश्वविद्यालय<br>(च) अन्य |
| **11.** | कृपया बताएं कि क्या आप उसी विभाग में कार्यरत हैं और फीडर ग्रेड में हैं या फीडर ग्रेड के फीडर में हैं: |
| **12.** | क्या आप संशोधित वेतनमान में हैं? यदि हाँ, तो वह तिथि बताएं जिससे वेतनमान संशोधित हुआ है तथा संशोधन-पूर्व वेतनमान भी इंगित करें: |
| **13.** | वर्तमान में प्रति माह प्राप्त कुल परिलब्धियाँ |
| **14.** | **अतिरिक्त जानकारी,**यदि कोई हो, जिसका आप पद हेतु अपनी सुयोग्यता के समर्थन में उल्लेख करना चाहते हैं। (इसमें अन्य बातों के साथ-साथ निम्न के संबंध में जानकारी दी जा सकती है- (i) अतिरिक्त शैक्षिक अर्हताएँ (ii) व्यावसायिक प्रशिक्षण एवं (iii)रिक्ति परिपत्र/विज्ञापन में निर्धारित कार्यानुभव से अधिक अर्जित अनुभव)<br>टिप्पण: यदि यह स्थान अपर्याप्त है तो एक अलग शीट संलग्न करें। |
| **15.** | कृपया बताएं कि क्या आप प्रतिनियुक्ति(जिसमें अल्पकालिक संविदा शामिल है) आधार पर नियुक्ति के लिए आवेदन कर रहे हैं? वैसे अभ्यर्थी केवल अल्पकालिक संविदा के लिए ही पात्र हैं। |
| **16.** | क्या अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति से संबंधित हैं? |

मैंने रिक्ति परिपत्र/विज्ञापन को ध्यानपूर्वक पढ़ लिया है औरमुझे अच्छी तरह से मालूम है कि मेरे द्वारा जीवन-वृत्त के साथ विधिवत रूप से प्रस्तुत दस्तावेजों का मूल्यांकन,चयन समिति के द्वारा पद के चयन के समय भी किया जाएगा।

दिनांक:
स्थान:

अभ्यर्थी का हस्ताक्षर
पता:
ईमेल:
मोबाइल नंबर:

**अग्रेषण प्राधिकारी द्वारा जारी किये जाने के लिए**

ऊपर दिये गए विवरणों का सत्यापन कर लिया गया है और सही पाया गया है। यह प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती .....................................के विरुद्ध सतर्कता का कोई मामला नहीं हैऔर न ही पिछले दस वर्षों के दौरान उन पर कोई बड़ी/छोटी शास्ति अधिरोपित की गई है। उनकी पिछले पाँच वर्षों की एसीआर/एपीएआर भी संलग्न है।

दिनांक:
स्थान:

अग्रेषण प्राधिकारी का हस्ताक्षर और मुहर

(नाम एवं पदनाम)
कार्यालय का पता एवं दूरभाष संख्या